# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 05.08.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे सम्पन्न 33वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 अनिरूद्ध मालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई—400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय**<br>मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 एस0के0 सिंह**<br>मा0 कुलपति, राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>रावतभाटा, रोड, कोटा, राजस्थान | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्री अविनाश कृष्ण सिंह**<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन,<br>(अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति—कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य |
| 8. | **प्रो0 मन्दार एस0 कार्यकर्ते**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 9. | **श्री पवन कुमार**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **डा0 सुशील बाबू**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | श्री **एस0के0** कटियार<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | प्रो0 ललित **कुमार** सिंह<br>अधिष्ठाता–शैक्षिक कियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 13. | प्रो0 जितेन्द्र **भास्कर**<br>अधिष्ठाता–इन्क्यूवेशन **हब** | विशेष आमंत्री |
| 14. | श्री अमित **कुमार** राठौर<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 **एस0**पी0 चौरसिया<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य |
| 2 | **श्री नवनीत घिडिया**<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य |
| 3 | प्रो0 योगेश **एम0** जोशी<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा बैठक में ऑनलाईन/आफलाईन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त कार्यपरिषद की विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 23/04/2025 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के क्रम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पश्चिमी परिसर में नवनिर्मित 100 सीटेड छात्रावास को वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 में छात्रहित में छात्रों को आवंटित किया जा चुका है तथा लोकार्पण अगले माह होने वाले दीक्षान्त समारोह में किया जायेगा। विश्वविद्यालय के बी0फार्मा पाठ्यकम हेतु 02 नयी लैब का निमार्ण कार्य पूर्ण हो चुका है जो प्रयोग में लायी जा रही है तथा मेकेनिकल इंजी0 विभाग की हाइड्रोलिक लैब मरम्मत कार्य के उपरान्त छात्रों के प्रयोग हेतु उपलब्ध करायी जा चुकी है। छात्रों की कक्षाओं की कमी को पूरा करने हेतु स्कूल आफ इण्टरप्रेन्योशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के लिये 15 नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य

प्रारम्भ हो गया है तथा कम्प्यूटर साइंस विभाग का विस्तारीकरण, बैडमिण्टन हाल एवं चिकित्सालय के विस्तार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र श्री दीपक पन्त एवं 1995 बैच के अन्य पूर्व छात्रों द्वारा रू0 1.50 लाख बैडमिण्टन कोर्ट के निर्माण हेतु तथा पूर्व छात्र श्री पी0सी0 चतुर्वेदी (1952 बैच) के पुत्र श्री संजय मिश्र द्वारा अपने पिता के 100वीं वर्षगांठ पर रू0 5.00 लाख की धनराशि प्रदान की जिससे सर्वश्रेष्ठ छात्र को मेडल दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के 1999 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा छात्रों के हितार्थ रू0 9 लाख लागत की एक एम्बुलेन्स कय कर विश्वविद्यालय को दिये जाने की प्रकिया प्रगति पर है जो अगस्त 2025 में ही विश्वविद्यालय को प्राप्त हो जायेगी।

विश्वविद्यालय द्वारा एम0टेक0 स्ट्रक्चर, एम0एस0सी0 बायोकेमिस्ट्री एवं एम0एस0सी0 बायोटेक्नोलॉजी के नये पाठ्यकमों को वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यकमों की प्रवेश प्रकिया जारी है। सभी प्रवेश दिनांक 15/08/2025 तक सम्पन्न करने के उपरान्त नवप्रवेशितों की कक्षायें दिनांक 18/08/2025 से प्रारम्भ हो जायेंगी। प्रथम वर्ष को छोड कर अन्य वर्षों के छात्रों हेतु नवीन शैक्षिक सत्र 2025–26 का प्रारम्भ दिनांक 21/07/2025 से हो चुका है।

विश्वविद्यालय में 5 नये नियमित शिक्षकों द्वारा अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की जा चुकी है तथा अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती पूरी की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर से प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करने हेतु एवं विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को और बौद्धिक सुदृढता प्रदान करने के उद्देश्य से यू0जी0सी0 की संस्था Inflibnet (Information & library network) से समझौता ज्ञापन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा ONOS (One Nation One Subscription) को लागू किया गया है।

विश्वविद्यालय को यू0जी0सी0 द्वारा 12बी के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की जा चुकी है तथा विश्वविद्यालय को ए0आइ0यू0 (Association of Indian Universities) की सदस्यता प्राप्त हो चुकी है। पूर्व से प्रत्यायनित विधाओं का प्रत्यायन समाप्त होने के परिपेक्ष्य में

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 05 विधाओं (CS, ME, ET, FT, PL) को एन0बी0ए0 से पुनः प्रत्यायनित कराये जाने हेतु आवेदन प्रेषित करते हुये प्रत्यायन प्रकियाधीन है।

शैक्षिक सत्र 2024–25 में 150 कम्पनियों द्वारा दिये गये 703 आफर्स में से 625 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है, जो विश्वविद्यालय के इतिहास में सर्वाधिक है। नये सत्र 2025–26 हेतु सेवायोजन शुरू हो गया है।

छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु 01 बस का कय किया जा चुका है तथा दूसरी बस की कय प्रकिया जारी है जो अगस्त 2025 के अन्त तक आ जायेगी।

विश्वविद्यालय में वर्षों से पडे निष्प्रयोज्य सामग्रियों में से कुछ की नीलामी प्रकिया पूरी कर ली गई है तथा अन्य जिसमें ई–वेस्ट शामिल है, की वैलुएशन की प्रकिया चल रही है तथा जल्दी ई–वेस्ट तथा अन्य की नियमानुसार नीलामी की जायेगी। इससे बहुत बडा स्थान छात्रों के प्रयोग या छात्र हित के लिये उपलब्ध होगा।

विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सापेक्ष तथा पहले से खाली पदों की भर्ती प्रकिया अक्टूबर 2025 में प्रारम्भ कर जनवरी 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 20 सितम्बर, 2025 को सम्पन्न होगा। शीघ्र ही छात्रों की सूची तथा अन्य प्रकियायें शुरू की जायेंगी। मुख्य अतिथि का नाम शीघ्र ही मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यकम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यकम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 नीरज प्रफुल्ल अवस्थी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में ऑयल टेक0 विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किया गया:

1. नई शिक्षा नीति के कियान्वयन के क्रम में अधिष्ठाता–शैक्षिक कियाकलाप से अपेक्षा की गयी कि multiple entry and multiple exit की व्यवस्था को प्रभावी तरह से लागू किये जाने हेतु आवश्यक औपचारिकताओं (स्किल कोर्सेस) की पूर्ति अवश्य कर ली जाए।

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग द्वारा विभाग के सम्बन्ध में दिये गये प्रजेन्टेशन के उपरान्त 33वीं बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 33.01 :** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 23.04.2025 को सम्पन्न 32वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 23.04.2025 को सम्पन्न कार्य परिषद की 32वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। प्रेषित कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य की टीका प्राप्त नहीं हुयी थी।

अतः, कार्यपरिषद द्वारा 32वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 33.02 :** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 23.04.2025 को सम्पन्न 32वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 23.04.2025 को सम्पन्न कार्य परिषद की 32वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

**मद सं0 33.03** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक दिनांक 25/07/2025 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 25.07.2025 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.04 **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 28/07/2025 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 28.07.2025 को सम्पन्न 24वीं बैठक के मद संख्या 24.06 के अन्तर्गत हुये निर्णय के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये कि लिये गये निर्णय के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अवगत करा दिया जाए।

उपरोक्त निर्देश के साथ ही कार्यपरिषद द्वारा विद्या परिषद की दिनांक 28/07/2025 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.05 **विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 की धारा 37–(1) में दी गयी व्यवस्थानुसार परीक्षा बोर्ड के गठन पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 की धारा 37–(1) में परीक्षा बोर्ड के गठन की दी गयी व्यवस्था के अनुरूप निम्नोक्त परीक्षा बोर्ड के गठन पर अनुमोदन प्रदान किया गया:

(क) परीक्षा नियंत्रक– अध्यक्ष

(ख) डा0 ए0के0 राठौर, सह आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग (कुलपति नामित)

(ग) डा0 मनोज कुमार, आचार्य, भौतिकी विभाग (कार्य परिषद नामित)

(घ) उप परीक्षा नियंत्रक/अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक –सदस्य सचिव

उपरोक्त परीक्षा बोर्ड में कार्य परिषद ने कमांक (ग) पर सदस्य नामित किया तथा सभी नामित सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित करने एवं परीक्षा बोर्ड की बैठकों में परीक्षा अधीक्षक को विशेष आमंत्री के रूप में आंमत्रित किये जाने पर भी कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 33.06** **विश्वविद्यालय की "HBTU Innovation & Startup Policy-2020 (Amendment-2025)" पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत विश्वविद्यालय की "HBTU Innovation & Startup Policy-2020 (Amendment-2025)" पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया तथा अनुपालन के समय HBTU-TBI के MOA का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 33.07** **विश्वविद्यालय अधिनियम–2016 की धारा–33(2) के अन्तर्गत गठित उद्भवन हब परिषद में नामित सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरान्त उनके स्थान पर नवीन सदस्यों के नांमाकन पर विचार।**

विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 33(2) के अनुसार कार्य परिषद द्वारा उद्भवन हब परिषद के कम संख्या 2, 4 एवं 5 पर सदस्य नामित किये तथा सभी पदेन सदस्यों को छोड़कर शेष सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष पर अनुमोदन प्रदान किया।

| क्रम | **एच0बी0टी0यू0 एक्ट के प्राविजन 33 (2) की व्यवस्थानुसार उद्भवन हब परिषद की संरचना** | नामित **सदस्यगण** |
|---|---|---|
| 1 | कुलपति जो अध्यक्ष होगा। | मा0 कुलपति |
| 2 | कार्य परिषद द्वारा नामित एक संकायाध्यक्ष | अधिष्ठाता, शोध एवं विकास |
| 3 | संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त, न्यूनतम आचार्य स्तर का विभाग/केन्द्र/ईकाई का अध्यक्ष, जो कि शैक्षिक परिषद् द्वारा दो वर्ष हेतु नामित होगा। | अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नॉलोजी |
| 4 | समिति द्वारा सहयोजित न्यूनतम आचार्य स्तर के राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय शोध संस्थानों से **कार्य परिषद** द्वारा अनुमोदित दो विशेषज्ञ। | 1.Prof. Ankush Sharma IIT,Kanpur<br>2.Prof. Girish Kumar DTU |
| 5 | कार्य परिषद द्वारा नामित तथा अनुमोदित, उद्योग, वाणिज्य तथा व्यवसायिक निकायों के 05 प्रतिनिधि। | 1. Director MSME, Kanpur<br>2. Mr. Taj Alam Managing Director, Kings International Private Limited, |

a

| | | |
|---|---|---|
| | | Kanpur<br>3. Director<br>DMSRDE, Kanpur<br>4. Mr.Rajendra Kumar Jalan<br>MD,Arvind Footwear Pvt. Ltd.<br>Kanpur<br>5. SIDBI Nominee |

मद सं0 33.08 **विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 32(1) में शोध एवं विकास परिषद में नामित सदस्यों के कार्यकाल के सम्बन्ध में विचार।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 32(1) के अनुरूप शोध एवं विकास परिषद में कमांक 4–10 पर सदस्यों को नामित किया गया।

| Sr. | Details of the Member | Position in the R&D Council | Remark (Provision as per HBTU Act 2016) |
|---|---|---|---|
| 1 | Vice Chancellor (By Designation) HBTU, Kanpur | Chairman | As per the HBTU Act 2016 |
| 2 | Dean, CEIQA (By Designation) HBTU, Kanpur<br>Email: deanceiqa@hbtu.ac.in | Member | One Dean nominate by the Academic Council |
| 3 | Prof. Rajesh Verma,<br>Mechanical Engineering Department<br>HBTU, Kanpur | Member | One Teacher involve in research nominate by the Vice Chancellor |
| 4 | Prof. Amey Karkare Computer Science & Engineering Department IIT, Kanpur<br>Phone: 0512-2597520<br>Email: karkare@iitk.ac.in | Member | Professor from State/National level Research Institution approved by the **Executive Council** |
| 5 | Prof. Ashish Yadav<br>Department of Electrical Engineering MNNIT, Prayagraj (UP)<br>Email: asheesh@mnnit.ac.in<br>Mobile: 9455133600 | Member | Professor from State/National level Research Institution approved by **Executive Council** |
| 6 | Mr. R.K. Jalan<br>Ex-Chairman, CLE, E-56, Panki Site-3 Panki Industrial Area, Kanpur-208022 | Member | Person from industry, commerce or professional bodies approved by **Executive** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Mobile: 9839031227 | | Council |
| 7 | Mr. M. D. Mathur<br>MD Farelabs, L-17/3 DLF, Phase-2 IFFCO Chauk, MG Marg, Gurugram-122002<br>Mobile: 9312664533 | Member | Person from industry, commerce or professional bodies approved by **Executive Council** |
| 8 | Mr. Madhup Agarwal, Technical Head, IndiaMART InterMESH Limited, 6th Floor, Tower 2, Assotech Business Cresterra, Plot No. 22, Sector-135, Noida-201305, Mobile: 9711000454 | Member | Person from industry, commerce or professional bodies approved by **Executive Council** |
| 09 | Mr. Vivek Gupta: Scientist-F at the Ministry of Development of North Eastern Region (MoDONER), NIC, Delhi. | Member | Person from industry, commerce or professional bodies approved by **Executive Council** |
| 10 | Prof. Bhola Nath: Professor & Head of Community and Family Medicine at AIIMS Raibareily. | Member | Person from industry, commerce or professional bodies approved by **Executive Council** |
| 11 | Dean, Research & Development: From HBTU, Kanpur, serving as Member-Secretary. | Member Secretary | Member Secretary |

कार्य परिषद द्वारा उपरोक्त शोध एवं विकास परिषद में कम संख्या 1 एवं 11 में इंगित पदेन सदस्यों को छोड़कर शेष सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित करने पर भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 33.09** **कॅरियर उन्नयन योजना (CAS) के अंतर्गत सह–आचार्य पद (वेतन स्तर 13 A) पर तीन वर्षों की सेवा पूर्ण होने पर आचार्य पद (वेतन स्तर 14) पर पदोन्नत करने के संबंध में।**

कार्य परिषद द्वारा यह निर्देश प्रदान किया गया कि इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से स्पष्टीकरण हेतु पुनः पत्र प्रेषित किया जाए एवं पत्र की प्रति प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित, मा0 कुलपति, रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई (कार्य परिषद में

ए0आई0सी0टी0ई0 के नामित सदस्य) को भी प्रेषित की जाए जिससे कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के स्तर पर शीघ्र स्पष्टीकरण प्राप्त हो सके।

कार्य परिषद द्वारा प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त निर्देश प्रदान किये गये कि यदि कोई सह–आचार्य सभी अन्य शैक्षणिक मानदंडों को पूर्ण करता है, तो वह तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरान्त आचार्य पद पर पदोन्नति हेतु पात्र होगा। पदोन्नति हेतु ऐसे अभ्यर्थियों से इस आशय की एक अण्डरटेकिंग प्राप्त कर ली जाए कि इस सम्बन्ध में भविष्य में जो भी निर्णय/स्पष्टीकरण नियामक संस्थाओं से प्राप्त होगा वे इन्हें मान्य होगा।

मद सं0 33.10 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के नवनियुक्त शिक्षकों के स्थाईकरण सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार।**

कार्य परिषद के सम्मुख विश्वविद्यालय शिक्षकों के प्रस्तुत स्थायीकरण प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा निम्नोक्त शिक्षकों को उनके नाम के सम्मुख इंगित तिथि से स्थायी घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:

| क्रमांक | शिक्षक का नाम, पदनाम एवं विभाग | पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | परिवीक्षण काल पूर्ण होने की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 अजय कुमार सिंह<br>आचार्य,<br>बायो–केमिकल इंजी0 विभाग | 11/07/2024 | 10/07/2025 | 11/07/2025 |
| 2 | डा0 मनोज कुमार<br>आचार्य,<br>भौतिकी विभाग | 15/03/2024 | 14/03/2025 | 15/03/2025 |

मद सं0 33.11 **प्रो0 ओंकार सिंह, आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून में कुलपति पद के सामान्य दैनन्दिन कार्य दायित्व हेतु लियन के विस्तारण पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा डा0 ओंकार सिंह, आचार्य, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,

देहरादून में नवीन चयनित कुलपति के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि अवथा अग्रिम आदेशों तक कुलपति पद पर कार्य हेतु पूर्व में स्वीकृत लियन (19/07/2022 से 18/07/2025 ) की निरन्तरता में दिनांक 19/07/2025 से लियन के विस्तारण पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.12 **विश्वविद्यालय में मृतक आश्रित की अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों पर विचार।**

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा इस शर्त के साथ निम्नोक्त विवरणानुसार अनुकम्पा नियुक्ति पर अनुमोदन प्रदान किया गया कि इस सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन द्वारा जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए:

| कम | मृतक कार्मिक का नाम | अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पारिवारिक सदस्य का नाम एवं मृतक से सम्बन्ध | अनुकम्पा नियुक्ति हेतु प्रस्तावित पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 रामपाल | श्री अभिषेक मौर्या –पुत्र | कनिष्ठ सहायक |
| 2. | स्व0 सुरेन्द्र कुमार | श्री विशाल द्विवेदी–पुत्र | कनिष्ठ सहायक |
| 3. | स्व0 रामचन्द्र | श्री रोहन बाल्मीकी–पुत्र | कनिष्ठ सहायक |
| 4. | स्व0 ब्रिजमोहन | श्रीमती अनीता – पत्नी | लैब अटैन्डेन्ट |

मद सं0 33.13 **डा0 विकास यादव, शारीरिक प्रशिक्षक, एच0बी0टी0यू0, द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या 6849/2022 एवं रिट याचिका संख्या 14778/2019 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के सम्बन्ध में**

डा0 विकास यादव, शारीरिक प्रशिक्षक द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या 6849/2022 एवं रिट याचिका संख्या 14778/2019 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान किये गये निर्णय पर कार्यपरिषद द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि प्रकरण में सर्वप्रथम उ0प्र0 शासन को पद को रि–क्लासीफाई करने हेतु भेजा जाए तथा

d

विश्वविद्यालय अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त करते हुए मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

मद सं0: 33.14 **विश्वविद्यालय द्वारा पूर्णकालिक तथा पूरे वर्ष हेतु अनुबंधित किये गये अतिथि व्याख्याताओं को मानदेय निर्धारण के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में चल रहे सभी पाठ्यकमों (स्वःवित्तपोषित के अतिरिक्त) में आबद्ध किये जाने वाले व्याख्याताओं को अतिथि शिक्षक के स्थान पर Asstt. Professor (Contractual) पदनामित किये जाने तथा उन्हें पूर्णकालिक रूप से 01 शैक्षिक वर्ष (11 माह) हेतु आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा सभी ऐसे शिक्षकों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन रू0 57700/— प्रति माह प्रदान करने हेतु उ0प्र0 शासन को पुनः प्रेषित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 33.15 **विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित पाठ्यकमों में आबद्ध किये जाने वाले अनुबन्धनात्मक शिक्षकों के साथ किये जाने वाले अनुबन्ध की अवधि के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में सहायक आचार्य (Contractual) को 3 वर्षों के लिये आबद्ध किये जाने एवं 03 वर्ष के उपरान्त कार्य के सन्तोषजनक होने पर 02 वर्ष की अवधि विस्तारित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.16 **डा0 शास्वती बनर्जी, सह आचार्य, एम0सी0ए0, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत त्यागपत्र दिनांक 19/05/2025 के कम में दिनांक 19/06/2025 को अपरान्ह से उन्हें कार्यमुक्त किये जाने की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा डा0 शास्वती बनर्जी, सह आचार्य, एम0सी0ए0, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत तकनीकी त्यागपत्र को कुलपति द्वारा स्वीकृत किये जाने और उन्हें दिनांक 19/06/2025 से

कार्यमुक्त किये जाने की कार्यवाही का संज्ञान लिया। विश्वविद्यालय द्वारा प्रकरण में कृत कार्यवाही पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया

मद सं0 33.17 **श्रम विभाग द्वारा विश्वविद्यालय (तत्कालीन संस्थान) को छात्रावास के रूप में प्रयोग हेतु श्रमिक बस्ती, पुराना कानपुर में ब्लाक संख्या–48/1 से 48/12, 55/1 से 55/12, 57/1 से 57/12, 58/1 से 58/12 एवं 59/1 से 59/12 तक आंवटित गृहों को श्रम विभाग की मांग पर उनको बापस किये जाने पर की गयी कार्यवाही पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा श्रम विभाग स्तर से विश्वविद्यालय को आवंटित 60 भवनों को श्रम विभाग को बापस किये जाने की कार्यवाही का संज्ञान लिया गया। तथा स्वामित्व प्राप्त होने पर ही उस पर निर्माण करने पर अपनी सहमति दी।

मद सं0 33.18 **विश्वविद्यालय के टैगोर केन्द्रीय पुस्तकालय में नियुक्त पुस्तकालयाध्यक्ष के वेतन पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा पुस्तकालयध्यक्ष के पद के वेतनमान को उच्चीकृत किये जाने के प्रकरण को शासन को प्रेषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.19 **इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स(आई), कानपुर लोकल सेन्टर एवं ऑयल टेक्नॉलोजिस्ट एसो0 आफ इंडिया को विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि की लीज अवधि समाप्ति के उपरान्त विश्वविद्यालय भूमि को रिक्त कराये जाने की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

"द इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया)" एवं ऑयल टेक्नॉलोजिस्ट एसो0 आफ इंडिया से लीज अवधि समाप्त होने के दृष्टिगत 03 माह में विश्वविद्यालय भूमि रिक्त किये जाने संबंधी विश्वविद्यालय स्तर से जारी पत्रों से कार्य परिषद संज्ञानित हुयी। कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय स्तर से प्रकरण में की गयी कार्यवाही पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 33.20 **राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या ई–2385/जी0एस0 दिनांक 28 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में निर्गत प्रमाण पत्रों का अवलोकन।**

विज्ञापन संख्या HBTU/ESTT/02/2024 दिनांक 07.12.2024 के माध्यम से विज्ञापित पदों की चयन प्रक्रिया उपरान्त राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या ई–2385/जी0एस0 दिनांक 28 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में चयनित अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रमाण–पत्रों का कार्य परिषद द्वारा अवलोकन किया गया और सन्तोष व्यक्त किया गया।

मद सं0 33.21 **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

11/8/25

(अमित कुमार राठौर)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 596/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–33वीं कार्यवृत्त/2025 दिनांकः 11/8/2025

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव